गुरुवार
23 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 79 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## आचार्य चंदना जी का देवलोक गमन, जैन समाज में शोक की लहर





बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जैन धर्म की महान साध्वी, वीरायतन की संस्थापिका और पद्मश्री सम्मान से अलंकृत आचार्य चंदना जी का बुधवार सुबह पुणे में शांतिपूर्वक देवलोक गमन हो गया। वे 91 वर्ष की थीं। उनके महाप्रयाण की खबर मिलते ही जैन समाज सहित देशभर के श्रद्धालुओं में गहरा शोक व्याप्त हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को पुणे के बैकुंठ श्मशान में किया जाएगा।

आचार्य चंदना जी का जन्म 26 जनवरी 1937 को महाराष्ट्र के चास्कमन गांव में हुआ था। उनका बचपन का नाम शकुंतला था। प्रारंभ से ही उनका झुकाव आध्यात्म की ओर था। मात्र 14 वर्ष की आयु में उन्होंने जैन दीक्षा लेकर सांसारिक जीवन का त्याग कर दिया और साध्वी जीवन अपना लिया। साधना, तपस्या और आत्मचिंतन के मार्ग पर अग्रसर रहते हुए उन्होंने 12 वर्षों तक कठोर मौन व्रत का पालन किया। इस दौरान उन्होंने जैन दर्शन, धर्मग्रंथों और विभिन्न आध्यात्मिक परंपराओं का गहन अध्ययन किया।आचार्य चंदना जी देश की पहली महिला जैन साध्वी थीं, जिन्हें आचार्य पद प्राप्त हुआ। उनके अनुयायी उन्हें स्नेहपूर्वक 'ताई महाराज' कहकर संबोधित करते थे। आध्यात्मिक जीवनके साथ-साथ उन्होंने शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने भारतीय विद्या भवन, मुंबई से दर्शनाचार्य तथा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से नव्य-न्याय और व्याकरण में शास्त्री की उपाधि प्राप्त की।

सन् 1972 से उन्होंने राजगीर को अपनी कर्मभूमि बनाया और 1974 में बिहार की धरती पर वीरायतन की स्थापना की। यह संस्था आज सेवा, शिक्षा और साधना का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। उनके नेतृत्व में वीरायतन ने देश-विदेश में अनेक जनसेवा कार्य किए। विशेष रूप से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों के माध्यम से हजारों लोगों को दृष्टि प्रदान कर उनके जीवन में नई रोशनी लाई गई।

इसके अलावा उन्होंने गरीब और वंचित वर्ग के लिए शिक्षा संस्थान स्थापित किए तथा आपदा के समय राहत कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुजरात के कच्छ भूकंप के दौरान उनके सेवा कार्यों को विशेष रूप से सराहा गया। उनका संपूर्ण जीवन मानवता, करुणा और सेवा के प्रति समर्पित रहा।उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2022 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। उनके देवलोक गमन से जैन समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश ने एक महान आध्यात्मिक मार्गदर्शक को खो दिया है। हालांकि वे अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आदर्श, विचार और सेवा कार्य सदैव समाज को प्रेरित करते रहेंगे।

## निशांत कुमार बोले, नीतीश के विकास मॉडल को जन-जन तक पहुंचाएंगे



पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) के प्रदेश कार्यालय में निशांत कुमार ने प्रदेश प्रवक्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य नीतीश कुमार के सपनों को पूरा करना और उनके विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों को पूरा करना और समाज के हर वर्ग के विकास के लिए मिलकर काम करना जरूरी है।


बैठक में उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज को साथ लेकर विकास की दिशा में काम किया है। उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए सभी को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

राम मनोहर लोहिया की सप्त क्रांति का उल्लेख करते हुए निशांत कुमार ने कहा कि समाज में बराबरी और महिलाओं को समान अधिकार देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा समाज बनाना है, जहां किसी प्रकार का भेदभाव न हो।

इस बैठक में विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय कुमार उर्फ गांधी जी, मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार, डॉ. निहोरा प्रसाद यादव, डॉ. अमरदीप, अरविंद निषाद, श्रीमती अंजुम आरा, नवल शर्मा, हिमराज राम, परिमल कुमार, डॉ. अनुप्रिया यादव, डॉ. जितेंद्र कुमार, मनीष यादव, अजित पटेल और वासुदेव कुशवाहा सहित कई नेता उपस्थित रहे।

बैठक में सभी ने संगठन को मजबूत करने और विकास की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## सोनपुर नदी हादसे में बघाड़ गांव के एक ही परिवार के चार की मौत





विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र के बघाड़ गांव के एक ही परिवार के चार लोगों की सोनपुर थाना क्षेत्र की नदी में डूबने से मौत हो गई, जिससे गांव में शोक की लहर फैल गई है। यह दर्दनाक घटना उस समय हुई जब परिवार छपरा जिले के पौजल गांव में शादी समारोह में शामिल होने गया था।

जानकारी के अनुसार, बघाड़ गांव निवासी रवि सिंह अपने रिश्तेदार की शादी में 18 अप्रैल को पूरे परिवार के साथ पौजल गांव पहुंचे थे। शादी संपन्न होने के बाद 20 अप्रैल को चौथा विधि के दौरान परिवार के सदस्य नदी में स्नान करने गए। इसी दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने से चार लोग डूब गए।

मृतकों में रवि सिंह की बहन बबीता देवी (लगभग 45 वर्ष), गुड़िया देवी (36 वर्ष), रवि सिंह का पुत्र रिशु कुमार (14 वर्ष) और पुत्री रिया कुमारी (16 वर्ष) शामिल हैं। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार, रवि सिंह का परिवार काफी शांत और मिलनसार था, लेकिन इस हादसे ने उनका पूरा घर उजाड़ दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि खबर लिखे जाने तक रिशु कुमार और रिया कुमारी का शव बरामद नहीं हो सका है, जबकि अन्य शवों को खोजने का प्रयास जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पूरे बघाड़ गांव में मातम पसरा हुआ है और हर कोई शोक में डूबा हुआ है।

## हेमनारायण चक स्कूल में शिक्षक की कथित हैवानियत, कक्षा 2 की छात्रा की बेरहमी से पिटाई

चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय हेमनारायण चक में कक्षा दो की एक छात्रा के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। पीड़ित छात्रा की मां फुलमंती देवी ने आरोप लगाया कि शिक्षक राजीव ने छोटी सी गलती पर उनकी बेटी की बेरहमी से पिटाई कर दी।

बताया गया कि शनिवार को पढ़ाई के दौरान छात्रा ने स्कूल की दीवार पर अपना नाम लिख दिया था। इसी बात से नाराज होकर शिक्षक ने कथित रूप से डंडे से पिटाई की और बाल भी खींचे। घर पहुंचने पर बच्ची ने सिर दर्द की शिकायत की और रोते हुए पूरी घटना बताई। परिजनों ने शरीर पर चोट के निशान देख आक्रोश जताया और स्थानीय मुखिया को जानकारी दी।


वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीतू कुमारी ने बताया कि उस समय वे कार्यालय में थीं और



संबंधित शिक्षक ने बच्चों को केवल "हल्की पिटाई" करने की बात कही है। दूसरी ओर चंडी थाना अध्यक्ष अखिलेश झा ने कहा कि अब तक लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों ने कहा कि स्कूल बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान होना चाहिए। उन्होंने दोषी शिक्षक पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।




SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# नालंदा कॉलेज में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर व भाषण कार्यक्रम



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा कॉलेज भूगोल विभाग के द्वारा 'पृथ्वी दिवस' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पृथ्वी की बिगड़ती स्थिति के बारे में जागरूकता फैलाने एवं इसे बेहतर बनाने के लिए हम क्या प्रयास कर सकते हैं, इस विषय पर जानकारी देने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नालंदा कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने सभी जीवित प्राणियों के लिए पृथ्वी के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने 'इको-फेमिनिज़्म' (पर्यावरण-नारीवाद) के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि पृथ्वी को हमारी ज़रूरत है, बल्कि हमें पृथ्वी की ज़रूरत है। हमारी परंपरा के अनुसार हम प्रकृति पूजक हैं और इसलिए हम धरती को भी माता का दर्जा देते हैं एवं उनके ऋण को चुकाने के लिए हम सभी को सकारात्मक तरीके से प्रयासरत रहना चाहिए। उनका भाषण छात्रों के लिए बहुत जानकारीपूर्ण और विचारोत्तेजक था।

भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भावना ने उन तरीकों और उपायों पर भी ज़ोर दिया, जिनका इस्तेमाल करके हम ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 'पृथ्वी दिवस' हमें यह याद दिलाता है कि हमें विकास के क्रम में भी अपनी धरती माता को संरक्षित करने की ज़रूरत है। डॉ. प्रीति रानी ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया और कहा कि पृथ्वी ही हमारा एकमात्र साझा घर है, और हमें इसे हर कीमत पर वैसा ही बनाए रखना होगा जैसा यह पहले था। डॉ. सिंधु ने भी छात्रों को संबोधित किया। डॉ. रामानुज चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। छात्रों ने पोस्टर प्रस्तुति एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं पृथ्वी को मानव अनुकूल बनाये रखने पर बल दिया। भक्ति, शुभम और श्रेया ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया तो वहीं कई छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से रचनात्मक जानकारियां दी।

# रूरल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रूरल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, शेखपुरा चंडी (नालंदा) में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर "आवर पावर, आवर प्लैनेट" विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय गीत-गान के साथ हुई, जिसके बाद पर्यावरण संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई।

महाविद्यालय की निदेशक डॉ. निरुपमा सिन्हा ने कहा कि हमारी सामूहिक शक्ति ही पर्यावरण संरक्षण का आधार है। यदि हम आज से ही जागरूक हो जाएं, तो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दिया जा सकता है। वहीं प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि यह विषय हमें अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराता है और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।

शिक्षक प्रमोद यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवन का आधार है और इसे हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। आनंद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति का छोटा प्रयास भी बड़ा परिवर्तन ला सकता है, इसलिए जागरूकता के साथ जिम्मेदारी निभाना आवश्यक है। योगेंद्र पाल ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही मानव जीवन की सुरक्षा है, जबकि शोभा मद्धेशिया ने शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।


कार्यक्रम में शिक्षकेतर कर्मचारी सिकंदर कुमार, शाकम्बरी शिवम, राजेंद्र पटेल और जयशंकर कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आनंद कुमार द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।

अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण को अपनाएंगे और समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे, ताकि पृथ्वी को सुरक्षित और स्वच्छ बनाया जा सके।









# वीर कुंवर सिंह जयंती और पृथ्वी दिवस पर विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर में बुधवार को वीर कुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य, कुंज बिहारी, कुंजेश तथा मेंटोर शिक्षक अजय कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मेंटोर शिक्षक अजय कुमार ने वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे 1857 की क्रांति के महानायक थे। उनका जन्म 1777 में भोजपुर जिले के जगदीशपुर में हुआ था। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया और अपने आत्मबलिदान से देशभक्ति की मिसाल कायम की। उन्होंने छात्रों को बताया कि वीर कुंवर सिंह का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जैनेंद्र कुमार, संजीत कुमार, सुरजीत कुमार, राकेश कुमार, राखी कुमारी, सोनल, साकची, कल्पना, रेखा, सीमा कुमारी, शंकर कुमार, लाइब्रेरियन मोहम्मद आफताब आलम, धीरज कुमार, रौशन कुमार, राणा अजय, सुशील सिंह, शिशुपाल पांडे सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं छात्र-छात्राओं में प्रिया भारती, नंदिनी कुमारी, अंशु कुमारी, धीरज कुमार, जयशीष कुमार, रौशन कुमार, स्वाति कुमारी और नंदिनी कुमारी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

साथ ही विद्यालय परिसर में पृथ्वी दिवस भी मनाया गया। अजय कुमार ने बताया कि वर्ष 1970 से पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और प्रदूषण रोकने का संकल्प दिलाया, ताकि ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से बचा जा सके।

# ककड़िया विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण, पर्यावरण बचाने का संकल्प




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मध्य विद्यालय ककड़िया में बुधवार को "विश्व पृथ्वी दिवस" के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार मेहता ने की, जबकि संचालन शिक्षिका पूजा कुमारी ने किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए और छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी सुरक्षा से जुड़े आकर्षक चित्र भी बनाए।

प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार मेहता ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और तेजी से हो रहा नगरीकरण पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों का सूखना और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन चिंता का विषय है। बगैर पर्यावरण के जीवन की कल्पना संभव नहीं है, इसलिए सभी को जागरूक होना जरूरी है।

वरीय शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षकों और छात्रों ने संकल्प लिया कि वे हर वर्ष कम से कम दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल करेंगे। साथ ही जल स्रोतों को प्रदूषित नहीं करने, प्लास्टिक का उपयोग बंद करने, बिजली की बचत करने और स्वच्छता बनाए रखने का प्रण लिया गया।

शिक्षिका पूजा कुमारी ने पृथ्वी और वृक्षों की महत्ता बताते हुए कहा कि धरती को बचाने के लिए हर व्यक्ति को जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं डायट के प्रशिक्षु प्रीति कुमारी, रायना प्रवीण, सुरुची कुमारी और मुस्कान कुमारी ने भी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।


इस अवसर पर शिक्षक सतीश कुमार, मो. रिजवान अफताब, अनीता कुमारी, सुरेश कुमार, विश्वरंजन कुमार, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, विनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, ज्योति कुमारी, शिक्षा सेवक रामजी चौधरी सहित कई शिक्षक-छात्र मौजूद रहे।












# फटे पाइप से बहता पानी, हरनौत में नल-जल योजना की पोल खुली



हरिओम कुमार


हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के सोराडीह पंचायत के वार्ड 13 स्थित बेढ़ना गांव में नल-जल योजना की बदहाली उजागर हो रही है। एक ओर जहां जल संकट से निपटने के लिए प्रशासन प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर फटे पाइप से लगातार पानी बहने से सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना में भारी अनियमितता बरती गई है, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, योजना के तहत निम्न गुणवत्ता के पाइप लगाए गए हैं और पाइप बिछाने में भी मानकों का पालन नहीं किया गया। बोरिंग होने के बाद से ही डायरेक्टर मोटर के जरिए करीब 50 घरों में पानी कीआपूर्ति की जा रही है, लेकिन पाइप फटने के कारण अब अधिकांश घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

बताया जाता है कि पांच एचपी मोटर के पास करीब 10–12 दिनों से पाइप फटा हुआ है, जिससे पानी का दबाव भी कम हो गया है।

स्थानीय निवासी प्रशांत कुमार सिंह, रजनीश कुमार और दीपक कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि योजना में टंकी तक नहीं लगाई गई है और कई घरों में अब तक नल कनेक्शन भी नहीं पहुंचा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पीएचईडी विभाग को कई बार शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्रामीणों ने फटे पाइप की शीघ्र मरम्मत, योजना की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके और सभी घरों तक नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।






# मुढारी गांव में बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, पांच दिवसीय अनुष्ठान संपन्न



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के मुढारी गांव स्थित फोरलेन सड़क किनारे नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में श्री श्री 108 बजरंगबली जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड कीर्तन को लेकर आयोजित पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान बुधवार को पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान बड़ी मुढारी, छोटी मुढारी, मानपुर और शाहवाजपुर गांव पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबे रहे।

यज्ञाचार्य पंडित अरविंद पांडेय ने बताया कि शनिवार को कलश शोभा यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। रविवार को वेदी पूजन और मंडप पूजन किया गया, जबकि सोमवार को नगर भ्रमण के उपरांत प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान संपन्न हुआ। मंगलवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ, जिसका समापन बुधवार को देवी-देवताओं के पूजन, चतुष्कोण हवन कुंड में सामूहिक हवन और पूर्णाहुति के साथ हुआ। इसके बाद कलश का गंगाजी में विसर्जन किया जाएगा।

ग्रामीण सुगमबर यादव, नंदू यादव और जितेंद्र यादव ने बताया कि यहां वर्ष 1999 से बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित थी, लेकिन फोरलेन निर्माण के दौरान मंदिर को क्षति पहुंची थी। अब नए मंदिर में प्रतिमा स्थापित होने से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि आसपास नालंदा डेयरी प्रोजेक्ट का दुग्ध शीतक केंद्र और डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय भी स्थित है, जिससे क्षेत्र की महत्ता और बढ़ जाती है।

समापन अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद के रूप में खीर और पुरी का वितरण किया गया। इस दौरान पं. रामचंद्र पांडेय, पं. राकेश पांडेय, सिंघे यादव, सोनु, नितिश, ललीन, कमलेश, बब्लू, पप्पू, गुड्डू, सुनील, मनीष सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हरनौत में अघोषित बिजली कटौती से गर्मी में लोग परेशान, जनजीवन प्रभावित

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। भीषण गर्मी के बीच प्रखंड में बिजली संकट गहराता जा रहा है। अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। दिन और रात दोनों समय बार-बार बिजली गुल होने से लोग उमस भरी गर्मी में बेहाल हैं। बिना किसी पूर्व सूचना के कटौती होने से लोगों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण इलाकों में छोटे-बड़े दुकानदार, मोबाइल दुकान, साइबर कैफे, बैंक, सरकारी स्कूल, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और आंगनबाड़ी केंद्रों का कामकाज बाधित हो रहा है। बिजली आधारित कार्य रुकने से व्यवसाय पर असर पड़ रहा है और आमदनी भी प्रभावित हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि उन्हें इन्वर्टर का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे खर्च बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि लगातार बढ़ते तापमान के बीच घंटों बिजली कटौती से राहत मिलना मुश्किल हो गया है। खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। कई जगहों पर पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि मोटर और ट्यूबवेल बिजली पर निर्भर हैं।

विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा है, क्योंकि दिन में कई बार बिजली गायब हो जाती है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से आपूर्ति नियमित करने और कटौती की स्थिति में पूर्व सूचना देने की मांग की है, ताकि लोग अपने दैनिक कार्यों की तैयारी कर सकें।

ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है।









## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# युद्ध अगर जारी हुआ तो भारत में महंगाई बढ़ेगी

भारत एक और चुनावी दौर से गुजर रहा है। राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और मुद्दे राज्य और राष्ट्रीय, दोनों स्तरों के हैं। चुनावों के बीच ही, केंद्र सरकार ने जल्दबाजी में संसद में महिलाओं के लिए कोटा और संसदीय क्षेत्रों के परिसीमन पर विवादित बिल पास करवाने की कोशिश की। इन कोशिशों का नतीजा जो भी हो, लेकिन इनसे राष्ट्रीय मुद्दों से ध्यान भटक जाता है।

आज अंतर्राष्ट्रीय संकटों से हमारी अर्थव्यवस्था को खतरा बन रहा है। हमें गैस की कमी होने की आहट मिल रही है, जिससे रसायन, खाद, सिरेमिक, शीशा और वस्त्र उद्योग से लेकर आम रेस्तरां जैसे कामधंधे गहरे तक प्रभावित हो सकते हैं। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर हवाई किराये और इंडस्ट्रियल डीज़ल पर साफ़ दिखा है। देश सांस रोके हुए है कि चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीज़ल की कीमतें कहां जाएंगी।महंगाई अधिकांश घरेलू वस्तुओं को प्रभावित कर रही है, और आपूर्ति शृंखला में पड़े व्यवधान से प्रभावित हुई व्यवस्था में दुकानदार कीमतें बढ़ा रहे हैं। मध्य-पूर्व से बड़े पैमाने पर कारोबार करने वाले व्यापारिक घराने सरकार से राहत की गुहार लगा रहे हैं। खाद उत्पादन और आयात में बड़े पैमाने पर रुकावट बनने से खाद्य आत्मनिर्भरता खतरे में पड़ गई है।यह सब ऐसे वक्त में हो रहा है जब उद्योग-धंधे पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाए भारी टैरिफ के प्रभावों से उबरने में जूझ रहे हैं। मार्च माह में भारत को मिले कच्चे तेल की औसत खरीद कीमत 125 डॉलर थी, जो मध्य-पूर्व में लड़ाई की वजह से बीच-बीच में 150 डॉलर तक पहुंची थी। यदि युद्धविराम जारी रहे, तब भी कीमतें ऊंची बनी रहेंगी क्योंकि खाड़ी देशों के तेल उत्पादन-वितरण ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है

# 2बीकेयर फाउंडेशन महदह भव्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



बक्सर(अपना नालंदा)।2बीकेयर फाउंडेशन महदह द्वारा महदह हाई स्कूल के मैदान में भव्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में 1600 मीटर, 800 मीटर, 400 मीटर दौड़, हाई जंप और लॉन्ग जंप जैसे इवेंट्स शामिल थे, जिनमें हजारों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों, खासकर वाराणसी और बलिया से आए थे। इसके अलावा झारखंड के रांची सहित कई अन्य शहरों से भी बच्चों ने भागीदारी की।

बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए बक्सर मुफस्सिल थाना अध्यक्ष भी उपस्थित रहे, जो स्वयं एक बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ी रह चुके हैं। साथ ही कई सामाजिक गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस आयोजन को सफल बनाने में भार्गव फिजिकल अकैडमी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

2बीकेयर फाउंडेशन के सहयोगी सुजीत कुमार यादव के अथक प्रयास, प्रमोद कुमार सिंह (कार्यकारी अध्यक्ष) का योगदान और शक्ति सिंह के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।सभी विजेता बच्चों को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा मैं, चंदन श्रीवास्तव,अपने पितातुल्य बड़े भाई शैलेन्द्र श्रीवास्तव संजीत श्रीवास्तव और राजीव श्रीवास्तव जी का हृदय से आभारी हूँ। उन्होंने मुझे इस काबिल बनाया कि आज मैं जो कुछ भी कर पा रहा हूँ, वह उनके प्रयासों और मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं था।आप सभी का स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमेशा मेरे साथ बना रहे, यही मेरी प्रार्थना है।विशेष धन्यवाद उन सभी सम्मानित अतिथियों को जिन्होंने मेडल वितरण कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।सुरेंद्र श्रीवास्तव जी, प्रमोद कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, शक्ति सिंह, चंद्रदीप पासवान (पूर्व मुखिया, महदह पंचायत), अनिल सिंह संगम, ललक गुप्ता जी,डॉ. चंदन कुशवाहा जी का भी आभार, जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान चोटिल बच्चों का तुरंत उपचार किया।कार्यक्रम की सफलता इस बात से साफ झलकती है कि प्रतिभागी वाराणसी, बलिया, गाजीपुर, सिवान, बक्सर, आजमगढ़, मऊ, पटना,नदांव, रघुनाथपुर, बलिहार, दिलदारनगर सहित कई स्थानों से आए।आप सभी के सहयोग और सहभागिता के लिए दिल से धन्यवाद।

# जहानाबाद में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्ता विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में गैर संचारी रोगों के तहत हाइपरटेंशन और डायबिटीज की स्क्रीनिंग में तेजी लाने का निर्देश सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए इसे शीघ्र गति देने को कहा गया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओकरी में यक्षमा उन्मूलन कार्यक्रम की कम उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया गया और अगले बैठकतक सुधार लाने का निर्देश दिया गया। एक्स-रे सेवा के तहत भेजे गए कर्मी के साथ सहयोग नहीं करने पर संबंधित स्वास्थ्य प्रबंधक से स्पष्टीकरण मांगा गया।

बैठक में यह भी पाया गया कि 45 चिकित्सकों का एचपीआरआईडी नहीं बना है, जिस पर सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं स्वास्थ्य उपकेंद्र ऐनवा, कुंडिला, पिंजौर, पूर्व काको और रतनीफरीदपुर द्वारा "भव्य लाइट ऐप" पर कार्य नहीं करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोदनगंज में बायोमेडिकल वेस्ट, लिनेन और लॉन्ड्री से संबंधित कार्यों में लापरवाही पर संबंधित एएनएम, सीएचओ और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया।अपर समाहर्ता ने सभी अधिकारियों को कार्य में सुधार लाने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# "ज्ञान भारतम् मिशन" के तहत जहानाबाद में पांडुलिपियों के संरक्षण का सर्वे शुरू




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। बुधवार को "ज्ञान भारतम् मिशन" के अंतर्गत प्राचीन पांडुलिपियों के संग्रहण, संरक्षण और डिजिटाइजेशन के उद्देश्य से नव नालंदा महाविहार, नालंदा से प्रतिनियुक्त सर्वे टीम का जहानाबाद जिले में आगमन हुआ। इस टीम में संस्कृत के सहायक प्राध्यापक नारायण सिंह एवं हिंदी की सहायक प्राध्यापक निकिता आनंद शामिल हैं, जो जिले के विभिन्न स्थलों पर सर्वे कार्य कर रहे हैं।

जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी द्वारा आवश्यक समन्वय स्थापित किया गया। इसी क्रम में हुलासगंज प्रखंड स्थित हुलासगंज मठ एवं आदर्श संस्कृत महाविद्यालय का भ्रमण किया गया। यहां महाविद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीनिवास शर्मा ने पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटाइजेशन कार्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इसके अतिरिक्त सर्वे टीम ने गौरक्षणी मंदिर तथा स्वामी सहजानंद महाविद्यालय, जहानाबाद का भी दौरा किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने गौरक्षणी मंदिर के पुजारी भोला बाबा और महाविद्यालय के प्रतिनिधि दीपक कुमार से बातचीत की तथा पांडुलिपियों के संरक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की।

सर्वे टीम ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्राचीन ज्ञान-संपदा को संरक्षित कर उसे डिजिटल माध्यम से सुरक्षित करना है, ताकि वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां इससे लाभान्वित हो सकें। यह मिशन भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राजगीर सीसीटीवी परियोजना पर सवाल, लागत अंतर ने बढ़ाई जांच कि मांग



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर नगर परिषद में सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन को लेकर खर्च में अंतर सामने आने के बाद अब इस परियोजना पर सवाल उठने लगे हैं। नगर परिषद क्षेत्र में दो चरणों में कुल 455 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिन पर लगभग 9 करोड़ 55 लाख रुपये खर्च होने का दावा किया गया है। हालांकि, दोनों चरणों के बीच लागत में उल्लेखनीय अंतर को लेकर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने जांच की मांग उठाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहले चरण में 8 मई 2025 को आदेश जारी कर 265 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इसमें दो मेगापिक्सल कैमरों की दर लगभग 1.50 लाख रुपये प्रति कैमरा, 15 पीटीजेड कैमरे 2.90 लाख रुपये प्रति यूनिट तथा 5 एनवीआर यूनिट 9 लाख रुपये प्रति यूनिट की लागत से स्थापित किए गए। इस चरण में कुल व्यय करीब 4 करोड़ 46 लाख रुपये बताया गया है।

दूसरे चरण के लिए 12 अगस्त 2025 को आदेश जारी हुआ, जिसमें 165 दो मेगापिक्सल कैमरे 2 लाख 29 हजार 910 रुपये प्रति कैमरा, 10 पीटीजेड कैमरे 6 लाख 67 हजार 500 रुपये प्रति यूनिट तथा 4 एनवीआर यूनिट 5 लाख 90 हजार 10 रुपये प्रति यूनिट की दर से लगाए गए। इस चरण में लगभग 4 करोड़ 69 लाख रुपये खर्च दर्शाया गया है। दोनों चरणों के बीच मात्र तीन महीने का अंतर होने के बावजूद प्रति कैमरा लागत में करीब 79 हजार रुपये से अधिक की वृद्धि सामने आई है, जिसे लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

वरीय वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, अनीता सिन्हा और पूर्व प्रखंड प्रमुख सुधीर कुमार पटेल ने इस अंतर को गंभीर बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि कम संख्या में कैमरे लगाए जाने के बावजूद दूसरे चरण का खर्च लगभग पहले चरण के बराबर दिखाया गया है, जो संभावित अनियमितता की ओर संकेत करता है। उन्होंने जिला निगरानी टीम से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी परियोजना में केवल कैमरों की कीमत ही नहीं, बल्कि पोल, वायरिंग, कंट्रोल सिस्टम और अन्य तकनीकी उपकरणों की लागत भी शामिल होती है। नगर परिषद कार्यालय और थाना परिसर में दो कमांड सेंटर स्थापित किए गए हैं, जिससे निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाया गया है।फिलहाल यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि जनता के धन का सही उपयोग हो सके। वहीं प्रशासन का पक्ष है कि पूरी प्रक्रिया नियमों के अनुरूप की गई है। अब सबकी निगाहें संभावित जांच और उसके निष्कर्ष पर टिकी हैं।




## राजगीर की धरती से गूंजेगा शिक्षा का शंखनाद

# निमेष शुक्ला ने किया 201 दिवसीय 'शिक्षा संकल्प यात्रा' का शुभारंभ



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शिक्षा के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत आधार तैयार करने के उद्देश्य से 'सहयोगी जागरूकता अभियान' के तहत 201 दिवसीय 'शिक्षा संकल्प यात्रा' का भव्य शुभारंभ किया गया है। इस यात्रा का नेतृत्व शिक्षा संकल्प यात्री निमेष शुक्ला कर रहे हैं, जो बिहार के सभी 38 जिलों का भ्रमण कर शिक्षा के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे।

इस महत्वाकांक्षी यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल 2026 को पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर से हुई, जिसका उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक श्रवण कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई और समाज के हर वर्ग से इस अभियान में भागीदारी की अपील की गई।

यात्रा की विस्तृत रूपरेखा साझा करने के लिए राजगीर स्थित मानव सेवा सदन (कृष्णा हॉस्पिटल के पास) में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान निमेष शुक्ला ने बताया कि यह यात्रा लगातार 201 दिनों तक चलेगी और हर जिले में शिक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता पैदा करने का एक व्यापक आंदोलन है।

प्रेस वार्ता में उपस्थित दंत चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि राजगीर की ऐतिहासिक और पवित्र भूमि से शुरू होकर यह यात्रा पूरे बिहार में शिक्षा की अलख जगाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है और एक सशक्त, जागरूक समाज का निर्माण संभव है।

अभियान के तहत प्रत्येक जिले में रूट मैप के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लोगों को शिक्षा के महत्व को समझाने के साथ-साथ उन्हें अपने स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान का विशेष फोकस रहेगा, जहां अभी भी शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी देखी जाती है।

इस यात्रा में सहयोगी के रूप में एएसजी आई हॉस्पिटल की ओर से अब्दुल रहमान मदनी भी जुड़े हैं, जो इस सामाजिक पहल को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा अभियान की सचिव अनिता कुमारी गुप्ता, समन्वयक रमेश कुमार पान सहित संस्था के कई सदस्य और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

निमेष शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा एक ऐसा अस्त्र है, जिससे समाज की हर बुराई को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और अपने आसपास के लोगों को भी शिक्षित करने में योगदान दें।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने का संकल्प लिया और शिक्षा के प्रसार के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। यह यात्रा निश्चित रूप से बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



# महाबोधि महाविद्यालय में श्रवण कुमार ने किया एनसीसी कैंप का उद्घाटन, 575 कैडेट्स हुए शामिल



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा स्थित महाबोधि महाविद्यालय परिसर में 38 बिहार बटालियन, राष्ट्रीय कैडेट कोर, बिहारशरीफ के तत्वावधान में दस दिवसीय आवासीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ 21 अप्रैल 2026 से किया गया, जो 30 अप्रैल 2026 तक चलेगा। इस शिविर में कुल 575 कैडेट्स उत्साह और अनुशासन के साथ भाग ले रहे हैं। शिविर का विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्रवण कुमार द्वारा किया गया।

शिविर के प्रथम दिन सभी कैडेट्स का पंजीकरण बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के माध्यम से किया गया। इसके पश्चात परिसर में क्षेत्रीय रख-रखाव का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे कैडेट्स को स्वच्छता, अनुशासन और जिम्मेदारी का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। इस दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी ने कैडेट्स को विस्तृत जानकारी देते हुए शिविर के उद्देश्य, दैनिक गतिविधियों और अनुशासन संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल सैन्य दक्षता बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि इससे नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना भी सुदृढ़ होती है।

शिविर के दौरान कैडेट्स को राष्ट्रीय कैडेट कोर के मूल मंत्र "एकता और अनुशासन" को आत्मसात करते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेना होगा। इनमें ड्रिल, पौधारोपण, निशानेबाजी, क्षेत्रीय कौशल तथा युद्ध कौशल जैसे प्रशिक्षण शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से कैडेट्स को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है।उद्घाटन अवसर पर श्रवण कुमार ने



कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुशासन और समर्पण ही एक सफल जीवन की कुंजी है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स अनुशासन, ऊर्जा और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

सूबेदार मेजर ललिंद्र टिंगा ने जानकारी दी कि इस शिविर में एक अधिकारी, पांच सहयोगी अधिकारी, इक्कीस स्थायी प्रशिक्षक कर्मी, एक प्रशिक्षक तथा कुल 547 कैडेट्स प्रशिक्षण हेतु तैनात हैं। उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और कैडेट्स को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर सीटीओ धनंजय कुमार देव, प्रो. सुधीर कुमार वर्मा, डॉ. अंजनी कुमार सुमन, विकाश कुमार, आकाश भारती, हेड क्लर्क उमाशंकर राकेश, लेखपाल राजकुमार, जीसीआई प्रीति कुमारी, सूबेदार मदन सिंह, सूबेदार मान सिंह, सूबेदार नरेंद्र शर्मा, नायब सूबेदार बीसी पांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सांसद कौशलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में दिशा बैठक, विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा हुई




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को नालंदा में सांसद कौशलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से सभी विभागों की कार्य प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की और पूर्व बैठक के अनुपालन बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्नत खेती, विशेषकर ड्रैगन फ्रूट जैसे उत्पादों का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है।

पशुपालन विभाग के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे पशुपालकों को 1962 हेल्पलाइन के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उन्होंने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत पर दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर, पोल और तार से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने तथा कृषि फीडर कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के तहत नल-जल योजना की समस्याओं के समाधान हेतु टोल फ्री नंबर 18001231129 की जानकारी दी गई।पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत सरकार भवनों को सक्रिय रखने और विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया गया। जीविका समूहों के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। आपूर्ति विभाग को निर्देश दिया गया कि शादी-विवाह जैसे अवसरों पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के 285 उच्च विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही "स्कूल चलो अभियान" के तहत 2 मई 2026 को 16460 बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि एक भी बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रहना चाहिए।

उद्योग विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। नूरसराय में कृषि मशीन निर्माण एवं "स्टार्टअप नालंदा" जैसी पहल को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही "ज्ञान भारतम् मिशन" के तहत 12000 से अधिक पुस्तकों के डिजिटाइजेशन की जानकारी दी गई।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सड़क, बिजली, शिक्षा और पेयजल से जुड़ी समस्याएं उठाईं। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश देते हुए कहा कि बरसात से पहले तटबंधों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मलमास मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हावड़ा से राजगीर तक रेल सेवा शुरू कराने की बात भी कही।

इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# रैली के जरिए शिक्षा का अलख, नामांकन बढ़ाने को बच्चों की पहल



आर संतोष भारती

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को Humana People to People India के अंतर्गत कदम बिहार के नेतृत्व में मध्य विद्यालय अमावाँ और प्राथमिक विद्यालय मानपुर में नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन रैली निकाली गई। इस रैली में विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में कदम बिहार की ओर से दीपक कुमार, दीक्षा, शालिनी और अजीत कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं Premalata Madan Mohan College of Education के प्रशिक्षु शिक्षक—अनीशा पटेल, नीतीश कुमार, दीपक कुमार शर्मा, रमेश कुमार और संदीप कुमार पासवान ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।मध्य विद्यालय अमावाँ में प्रधानाध्यापक द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जहां शिक्षिका सरिता कुमारी भी मौजूद रहीं। वहीं प्राथमिक विद्यालय मानपुर में प्रधानाध्यापक सूर्यकांत सिंह कांत ने रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिक्षक कुमारी रंजन, रेणु कुमारी, रंजू कुमारी, मोहम्मद अब्दुस सलाम और अभय कुमार ने सहयोग दिया।

रैली के दौरान बच्चों ने “पढ़ी-लिखी बहना, घर की है गहना”, “जन्म दिया तो शिक्षा दो” और “सब बच्चे पाठशाला में” जैसे प्रेरक नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

# कतरीसराय बाजार में जाम से हालात बदतर, व्यवस्था सुधार की मांग



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय का प्रमुख बाजार इन दिनों भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है। संकरी सड़कों पर बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश, बाइक और टोटो चालकों की मनमानी पार्किंग ने हालात को और खराब कर दिया है। सड़क के बीचों-बीच खड़े वाहनों के कारण आम राहगीरों, मरीजों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं वे दुकानदार, जिन्होंने फुटपाथ पर कब्जा कर अपने सामान सजा रखे हैं। अतिक्रमण के कारण पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।

जाम के कारण न केवल आमजन, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। एंबुलेंस और अन्य जरूरी वाहन समय पर नहीं पहुंच पाते, जिससे स्थिति और चिंताजनक हो जाती है। इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए, नो-पार्किंग जोन तय कर सख्ती से पालन कराया जाए और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो समस्या और विकराल हो सकती है।

# चलती ट्रेन में करौटा रेलवे अंडरपास पर गिरा ,ईलाज के दौरान मौत

## खुशियां बदला मातम में,शादी में जाने के बजाय शमान



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)पटना-बख्तियारपुर रेलवे लाईन में स्थित करौटा रेलवे के पास एक दर्दनाक दुर्घटना हो गई। परिवार वालों को जाना था खुसरूपुर में शादी समारोह में। लेकिन शादि में जाने के बाजय गंगाजी तट बने शमान के काफिले में शामिल होंगे।घटना बुधवार के शाम करिब साढ़े सात बजे बख्तियारपुर जीआरपी के क्षेत्र अंतर्गत करौटा रेलवे स्टेशन स्थित अंडरपास रोड के पास की है।मृतक हरनौत प्रखंड के चेरो गांव के निवासी रामदेव यादव के 18 वर्षीय पुत्र छोटु कुमार है। वहीं इस दर्दनाक घटना पर चेरो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मधुसूदन कुमार ने शोक प्रकट की है।वे कहा कि किसान रामदेव के पुत्र का छोटु कुमार का अकाल मृत्यु हुई है।वे बताते हैं कि खुसरूपुर में इसका रिलेशन है। वहीं घटना के संबंध में बख्तियारपुर जीआरपी के इंस्पेक्टर जवाहरलाल बताते हैं कि अपने परिवार वालों के साथ ट्रेन (टाटानगर - बक्सर एक्सप्रेस) में बख्तियारपुर जंक्शन पर से सवार होकर खुसरूपुर के लिए जा रहा था। बख्तियारपुर से ट्रेन खुली जिसमें मृतक छोटु ट्रेन के दरवाजे पर बैठकर सफर कर रहा था। छोटु को निंद आ रही थी। झुकते-झुखते वह ट्रेन से नीचे गिर गया। जिससे उसे सबसे ज्यादा ब्रेन में चोट लगी। जिसके बाद प्राथमिक उपचार के लिए बख्तियारपुर सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया।जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने कहा कि खुसरूपुर में उसका कोई संबंध है। जहां शादी-ब्याह समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि शव फिलहाल बख्तियारपुर सीएचसी में सुरक्षित रखा गया है। परिजन को सूचना दी गई है।

वहीं मौत की दु:खद सूचना पाकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। उन्होंने ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने कि प्रकिया कि जा रही है। आवेदन मिलने पर जांच कर करवाई की जाएगी।

# छोटे प्रयासों से पृथ्वी संरक्षण का संदेश, छात्राओं ने लिया संकल्प



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। हॉर्टिकल्चर कॉलेज, नूरसराय द्वारा बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, चंडासी में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत छात्राओं के बीच चित्रकारी और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, साथ ही परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के वैज्ञानिकों ने छात्राओं को बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम “हमारी शक्ति, हमारी ग्रह” है, जो लोगों को छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से पृथ्वी को बचाने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना, प्रदूषण को कम करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाना समय की आवश्यकता है।

वैज्ञानिकों ने जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, वनस्पति संरक्षण और प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि यदि हर व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को निभाए, तो बड़ी समस्याओं का समाधान संभव है।

कार्यक्रम में डॉ. धर्मशीला ठाकुर, डॉ. राजीव पदमभूषण, डॉ. अजित कुमार, डॉ. नीरू कुमारी, डॉ. एपी सिंह, डॉ. जया कुमारी, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. नेहा सिन्हा और डॉ. मीणा कुमारी सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे। सभी ने छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया।

# चंडी में जनगणना प्रशिक्षण शुरू, प्रगणकों को दी गई जिम्मेदारी और तकनीकी जानकारी



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। नगर पंचायत क्षेत्र में आगामी जनगणना के प्रथम चरण को सफल बनाने के उद्देश्य से बापू उच्च विद्यालय, चंडी में बुधवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।


उद्घाटन सत्र में उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसकी सफलता प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की जिम्मेदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि वे इस कार्य को पूरी ईमानदारी, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ निभाएं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में मकानों की गणना और सूचीकरण किया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक घर से आवश्यकजानकारी जुटाई जाएगी।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रगणकों को तकनीकी और व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे फील्ड में बिना किसी परेशानी के सटीक डेटा संग्रह कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने जनगणना की प्रक्रिया, कानूनी पहलुओं, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी।

इसके साथ ही हाउस लिस्टिंग वेरिफिकेशन, ले-आउट मैप तैयार करने की विधि और डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रहण की प्रक्रिया भी समझाई गई। तकनीकी सत्र में एचएलओ मोबाइल ऐप के उपयोग और विशेषताओं की जानकारी दी गई, ताकि कार्य में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न आए।

इस अवसर पर स्वच्छता पदाधिकारी शाम्भवी सहित नगर पंचायत के कई कर्मी और प्रशिक्षु प्रगणक-पर्यवेक्षक मौजूद रहे। यह प्रशिक्षण जनगणना को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# राजगीर में जल संकट गहराया, पार्षद ने नियमित आपूर्ति की मांग उठाई



राजगीर (अपना नालंदा)। राजगीर नगर परिषद के वार्ड-7 और वार्ड-24 में इन दिनों गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद अजय कुमार ने बुधवार को एसडीओ कार्यालय में आवेदन देकर स्थिति से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की।

पार्षद अजय कुमार के अनुसार, पीएचईडी विभाग द्वारा पानी की आपूर्ति पूरी तरह अनियमित है। करीब चार हजार की आबादी वाले इन वार्डों में दिनभर में केवल एक बार, वह भी लगभग 30 मिनट के लिए पानी दिया जाता है, जिसका कोई निश्चित समय नहीं होता। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि गंगाजल आपूर्ति भी सही तरीके से नहीं हो पा रही है। इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों से मुलाकात और लिखित शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। पार्षद ने कहा कि दोनों वार्डों को एक ही पानी टंकी से जलापूर्ति की जा रही है, जो पर्याप्त नहीं है।

भीषण गर्मी के कारण समस्या और विकराल हो गई है, जिससे आमजन के साथ-साथ पशुओं को भी पानी की कमी झेलनी पड़ रही है। कई स्थानों पर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, लेकिन अब तक जलापूर्ति शुरू नहीं की गई है।

पार्षद अजय कुमार ने एसडीओ से मांग की है कि दिन में कम से कम दो से तीन बार नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई कर लोगों को राहत दिलाई जाए।

# इक़रा इंग्लिश अकादमी में पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिता और पौधा वितरण कार्यक्रम



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। वहीद उद्दीन एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित इक़रा इंग्लिश अकादमी में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्रों के बीच कविता प्रतियोगिता और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अकादमी की प्रधानाध्यापिका आयशा तथा उपप्रधानाध्यापिका मेहर फातिमा ने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है, जो हमें जीवन के लिए सभी आवश्यक संसाधन प्रदान करती है। लेकिन बढ़ते प्रदूषण, अंधाधुंध वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी खतरे में है। उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, पानी बचाने और प्लास्टिक के कम उपयोग की आदत अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान छात्रों के बीच अमरूद, आम और शीशम के पौधे वितरित किए गए और उन्हें इन्हें लगाने तथा सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यालय में पेंटिंग प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने आकर्षक चित्रों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ग-1 के मुवस्सिर, वर्ग-2 की कहकशां, वर्ग-3 के मो. अकील, वर्ग-4 के सत्यम कुमार, वर्ग-5 की इरम प्रवीण और मदीहा प्रवीण को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर खालिद अनवर कश्मीरी, नाज आफरीन, रुखसार और मुस्कान कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक दल का नेता बनने पर श्रवण कुमार सम्मानित, विकास पर चर्चा



थरथरी (अपना नालंदा)। बिहार विधानसभा में जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद श्रवण कुमार को लेकर क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। समर्थकों और स्थानीय लोगों ने उनके चयन को जनसेवा और अनुभव की जीत बताया है।

इसी क्रम में नरायणपुर पंचायत के बांसडीह निवासी शैलेन्द्र कुमार ने राजगीर पहुंचकर श्रवण कुमार को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार का लंबा राजनीतिक अनुभव और विकास के प्रति उनकी सोच उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए उपयुक्त बनाती है।

मुलाकात के दौरान दोनों के बीच क्षेत्रीय विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और ग्रामीण आधारभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं पर विशेष रूप से बातचीत हुई। शैलेन्द्र कुमार ने स्थानीय जनता की समस्याओं और अपेक्षाओं को विस्तार से रखा।

इस अवसर पर श्रवण कुमार ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता पहले की तरह आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में तेजी लाकर हर गांव तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

इस मुलाकात को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है और लोगों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

# राजगीर में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, घरेलू विवाद कि आशंका

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर थाना क्षेत्र के लहुआर गांव में बुधवार को एक दुखद घटना सामने आई, जहां 45 वर्षीय प्रहलाद विश्वकर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान लहुआर निवासी मानिकचंद विश्वकर्मा के पुत्र के रूप में की गई है।

पुलिस के अनुसार प्रहलाद विश्वकर्मा घर से रस्सी लेकर निकले थे और गांव के समीप एक आम के पेड़ की डाल में फांसी लगा ली। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों को चिंता हुई। खोजबीन के दौरान उनका शव पेड़ से लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।सूचना मिलते ही राजगीर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद आत्महत्या का संभावित कारण सामने आया है, हालांकि सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा रही है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक की लहर है।

# हरनौत में आज मनाई जाएगी वीर कुंवर सिंह जयंती, विजय दिवस कार्यक्रम आयोजित

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह की जयंती आज पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले वीर कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की आयु में भी अंग्रेजों के खिलाफ तलवार उठाकर अद्भुत साहस और देशभक्ति का परिचय दिया था। उनके योगदान को याद करते हुए इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

हरनौत नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह और व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिलीप सिंह ने जानकारी दी कि जयंती के अवसर पर हरनौत-अथमलगोला रोड स्थित वीर कुंवर सिंह चौक पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजकों द्वारा स्थल पर रंग-रोगन और



साफ-सफाई का कार्य कराया गया है, ताकि समारोह को भव्य रूप दिया जा सके। मनीष कुमार सिंह और मंथन कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि सुबह लगभग दस बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और आम लोग शामिल होंगे।

इस आयोजन के माध्यम से लोगों को वीर कुंवर सिंह के त्याग, साहस और देशप्रेम से प्रेरणा लेने का संदेश दिया जाएगा।

# महिलाओं पर विवादित बयान को लेकर पप्पू यादव घिरे, माफी की मांग तेज

पटना (अपना नालंदा)। सांसद पप्पू यादव के महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान पर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। भाजपा नेताओं ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए इसे महिलाओं के सम्मान पर हमला बताया और सार्वजनिक माफी की मांग की।

पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि इस तरह की अमर्यादित टिप्पणी किसी व्यक्ति की सोच और महिलाओं के प्रति उसके नजरिए को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान देने वालों को देश की सभी महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व, विशेषकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से भी इस मुद्दे पर जवाब मांगा।

विधायक संगीता कुमारी ने इसे नारी सम्मान पर प्रहार बताते हुए कहा कि भारत में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने भी सांसद से माफी की मांग की। वहीं एमएलसी अनामिका सिंह पटेल ने कहा कि यह बयान उनकी सोच और विचारधारा को उजागर करता



है।विधायक मैथिली ठाकुर ने कहा कि महिलाएं अपने दम पर हर क्षेत्र में पहचान बनाती हैं। ऐसे में इस तरह की टिप्पणी न केवल महिलाओं बल्कि पूरे समाज के लिए अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि सांसद को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

प्रेस वार्ता में अनामिका पासवान सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे। नेताओं ने स्पष्ट कहा कि नारी सम्मान के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा और दोषी को जवाब देना होगा

# सुनील कुमार तीसरी बार बने जदयू राष्ट्रीय महासचिव, कार्यकर्ताओं में खुशी

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों की नई सूची जारी की गई। इस सूची में कई नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। खास बात यह रही कि हरनौत के पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील कुमार को लगातार तीसरी बार पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार नीतीश कुमार वर्ष 2028 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे, जबकि संजय कुमार झा को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कुल 12 नेताओं को महासचिव बनाया गया है, जिसमें इंजीनियर सुनील कुमार का नाम प्रमुख रूप से शामिल है।

इस अवसर पर जदयू नेता इंजीनियर रवि शंकर ने सुनील कुमार को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा।

सूची में निशांत कुमार का नाम शामिल नहीं होने से यह स्पष्ट है कि वे फिलहाल संगठन



या सरकार में कोई पद नहीं लेंगे। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद नीतीश कुमार ने 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद नई सरकार में सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाया गया है।

अब पार्टी नेतृत्व संगठन विस्तार और मजबूती पर विशेष ध्यान दे रहा है, जिससे आगामी चुनावों को लेकर रणनीति और सशक्त हो सके।

# नालंदा में एलपीजी आपूर्ति पर्याप्त, PNG कनेक्शन को बढ़ावा देने पर जोर

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बुधवार को नालंदा के जिला पदाधिकारी कुंदन ने जानकारी दी कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और पर्याप्त मात्रा में जारी है। तेल विपणन कंपनी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर प्रतिदिन औसतन 8815 सिलिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नियमानुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। साथ ही लंबित बुकिंग को शीघ्र समाप्त कर बैकलॉग को 4.4 से घटाकर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि बिहारशरीफ नगर निगम, राजगीर और सिलाव क्षेत्रों में PNG पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। बिहारशरीफ के 6 वार्ड, सिलाव के 6 वार्ड और राजगीर के 17 वार्डों में पाइपलाइन पूरी तरह बिछाई जा चुकी है। इन क्षेत्रों में लगभग 1800 लोगों ने PNG कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, जिनमें से करीब 1500 उपभोक्ताओं को कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है, जबकि शेष को जल्द ही जोड़ा जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां PNG कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन का उद्देश्य एलपीजी पर निर्भरता कम कर सुरक्षित और निरंतर गैस आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसके लिए 30 दिनों से अधिक समय वाले क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण भी किया जाएगा।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर 06112-233168) संचालित किया जा रहा है, जहां गैस से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। जिलाधिकारी कुंदन ने आम लोगों से अपील की कि गैस सिलिंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी या दुरुपयोग की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# जेठौना में पति ने पत्नी और बेटी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। खुदागंज थाना क्षेत्र के जेठौना गांव में मंगलवार की रात एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को शोक और दहशत में डाल दिया। पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और नाबालिग पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।मृतकों की पहचान सनीशा देवी और उनकी पुत्री स्नेहा कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी संजय महतो घटना के बाद फरार हो गया था। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और खुदागंज थाना क्षेत्र के केवाली गांव में छापेमारी कर उसे उसकी बहन के घर से गिरफ्तार कर लिया।घटना के संबंध में डीएसपी कुमार ऋषि राज ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद हत्या का मुख्य कारण प्रतीत हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है और उसका पहले से इलाज चल रहा था।

# दो महिला ठगों ने बुजुर्ग महिला को झांसा देकर सोना ठगा

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर नगर के पटना रोड स्थित मछली मंडी के समीप बुधवार को ठगी की एक घटना सामने आई, जहां दो महिला ठगों ने एक बुजुर्ग महिला को झांसा देकर उसके असली सोने के आभूषण ठग लिए। पीड़िता की पहचान फरीदपुर गांव निवासी कौशल्या देवी के रूप में हुई है।

कौशल्या देवी ने बताया कि वह किसी काम से बाजार आई थीं। इसी दौरान एक महिला ने पीछे से आवाज देकर उनसे बातचीत शुरू की और धीरे-धीरे उन्हें अपने झांसे में ले लिया। थोड़ी देर बाद दूसरी महिला भी वहां पहुंची और अपने पास रखे कथित सोने के आभूषण दिखाने लगी। दोनों महिलाओं ने मिलकर पीड़िता को लालच दिया और कहा कि वह अपने आभूषण बदल लें।लालच में आकर कौशल्या देवी ने अपने कान की सोने की बाली और गले का जितिया उन महिलाओं को दे दिया और बदले में उनका दिया सामान ले लिया। बाद में जब उन्होंने सोनार से जांच कराई, तो पता चला कि दिया गया आभूषण नकली है। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ।पीड़िता ने बताया कि जब वह दोबारा मौके पर पहुंचीं, तब तक दोनों महिलाएं फरार हो चुकी थीं। घटना के बाद पीड़िता का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने इस तरह की घटनाओं से सावधान रहने और पुलिस से ठगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO WOOD TECHNOLOGY
No Wood
100% Waterproof uPVC
Termite Proof
Low Maintenance
10 YEAR WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer